## मेष



01 से 06 नवम्बर तक-सप्ताह के अंतिम दिन को छोड़कर शेष सप्ताह पूर्णतः अनुकूल व सुखद साबित होगा। योजना में सफलता की प्राप्ति होगी। किसी बड़े व्यक्ति से मुलाकात सार्थक सिद्ध होगी। आप स्वतंत्र रहते हुये काम करेंगे। आप स्वयं को पहले से मुक्त महसूस करेंगे। कुछ गुप्त बैठकें और क्रियाकलाप होने की भी संभावनायें है।

07 से 13 नवम्बर तक-इस सप्ताह आप व्यापार संबंधी नई योजनाओं को शुरू करने के लिये व्यग्र रहेंगे लेकिन बनते-बनते कार्य बिगड़ सकते है। विश्वासघात का भय बना रहेगा। अतः सर्वकार्य सिद्धि आनंद भैरवी दीक्षा आपको अपना लक्ष्य पूर्ण करने में लाभकारी रहेगी।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

14 से 20 नवम्बर तक- किसी बात को लेकर प्रियजनों या पत्नी से सम्बन्ध बिगड़ सकते है। आपकी लोकप्रियता में भी कमी आयेगी। आपको अपनी बातचीत में सावधानी बरतनी होगी। अन्यथा आपके बारे में लोग संदेह भरी बातें करेंगे। अपनी गुप्त बातों को किसी के सामने न कहें। मेहमानों का आगमन इस सप्ताह संभव है।

21 से 30 नवम्बर तक-प्रतियोगिता व वाद-विवाद में सफलता हासिल करेंगे। कहीं से शुभ समाचार मिलेंगे। अध्यात्म, धम-कर्म, ज्योतिष, मंत्र-तंत्र की ओर झुकाव रहेगा। कहीं धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है जो लाभकारी साबित होगी। घर में किसी बुजुर्ग का स्वास्थ्य खराब रहेगा। आप अपनी जिम्मेदारी से मुख न मोड कर उन्हें अपना कीमती समय दोगे जिससे आपकी सराहना होगी तथा उनका आशीर्वाद आप पर सदा बना रहेगा।

शुभ तिथियां 05,19,21,24

## वृषभ



01 से 06 नवम्बर तक-जीवनसाथी से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। ग्लैमर, रहस्य और सौन्दर्य आपको आकर्षित करेगा। कहीं से कोई शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पिता-पुत्र में अनबन हो सकती है। पारिवारिक सुख-शांति को किसी की नजर लग जायेगी।

07 से 13 नवम्बर तक-कारोबार में बेहतरी होगी। कानूनी मसले निपटाने के लिये आप वकील से सलाह मशवरा करेंगे। विदेश से कोई बड़ा अवसर हाथ लगेगा। आप अपने परिवार के लोगों की सुख-सुविधा का पूरा-पूरा ध्यान रखेंगे। शत्रुओं तथा मुकदमों में विजय प्राप्ति के लिये आप दत्तात्रेय प्रणीत सर्व सिद्धि दीक्षा ग्रहण करें।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 2100/-

14 से 20 नवम्बर तक-लम्बे समय से चली आ रही चिंता से राहत महसूस करेंगे दूसरे स्थान में चार-चार ग्रहों के फलस्वरूप पैसा तो आयेगा, परन्तु पास में टिक नहीं पायेगा। आप निवेश करते समय सोच समझकर निवेश करें, लाभ के स्थान पर हानी भी उठानी पड सकती है। रिश्तेदार व मित्रों का साथ आपको नैतिक व भावनात्मक सम्बल प्रदान करेगा। हालांकि व्यापारिक हालात कोई बहुत अच्छे नहीं रहेंगे।

21 से 30 नवम्बर तक-आप आत्मनिरीक्षण करेंगे। आप दुनिया के रहस्यमय पहलुओं पर भी विचार करेंगे। सुकून व शांति से काम करना पसंद करेंगे, माता-पिता व बड़े बुजुर्गों की कृपा व आशीर्वाद प्राप्त होगा। इस समय प्रतियोगिता या किसी परीक्षा में आपको विजयश्री मिल सकती है। आपमें अध्यात्म की भावना में वृद्धि होगी। जिससे पूजा पाठ में व्यस्त रहेंगे।

शुभ तिथियां 02,07,11,20

## मिथुन



01 से 06 नवम्बर तक-लक्ष्मी का शुभागमन होगा। व्यापार में आप नये-नये तरीके व प्रयोग करके जो भी सार्थक तरीके होंगे, वह अपनायेंगे। जीवन शैली में बदलाव लायेंगे। यश- कीर्ति, मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार व प्रियजनों के साथ व्यस्त रहेंगे। कटु सच्चाईयों का सामना करना पड़ेगा।

07 से 13 नवम्बर तक-आप अपनी खुद की पहचान बनायेंगे आप इस समय अपने व्यवसाय व समाज से जुड़ी बैठकों व सम्मेलनों में भाग लेंगे व लोगों से सम्पर्क बनायेंगे। आप अपने परिवार का पूरा ध्यान रखेंगे। नौकरी से संबंधित आपके कार्य पूरे होंगे। अपने बुद्धिबल व चतुराई से एक-एक व्यापारिक समस्याओं से सुलझाते हुये पर्याप्त धन कमायेंगे।

14 से 20 नवम्बर तक-ज्ञानवर्द्धक सामान्य समय रहेगा। भरोसेमंद व विश्वसपात्र साथियों का साथ मिलेगा जीवनसाथी से मदभेद हो सकता है जिससे किसी कार्य में मन नहीं लगेगा। आप राम जानकी पूर्ण गृहस्थ सुखदा प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति व समृद्धि में उत्तेरातर विकास होगा।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

21 से 30 नवम्बर तक-समय नकारात्मक है, शत्रु व विरोधी प्रबल होकर आपको नुकसान पहुँचाने की चेष्टा करेंगे। हाथ में आता-आता रूपया फिसल जायेगा। आपके राजकीय कार्य कुछ गति पकड़ेगी। लंबित मुद्दों और विवादों को भी बखूबी निपटा लेंगे। यात्रा सुखद रहेगी। अपनों से मिलकर मन प्रसन्न रहेगा। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

शुभ तिथियां 01,20,26,29



## कर्क

01 से 0 6 नवम्बर तक-मास की शुरूआत शानदार रहेगी। यात्रा से धन प्राप्त होगा। आप अपने कैरियर संबंधी फैसले सोच-विचार तथा अपने भरोसेमंद दोस्तों की सलाह से करेंगे। आज की तेज रफ्तार जिन्दगी में बदलाव की जरूरत है और यह बदलाव नौकरी, सम्बन्धों या खानपान की आदतों में भी हो सकता है।

07 से 13 नवम्बर तक-कैरियर और व्यक्तिगत लाभ के कार्यो में अपने अहम् को आड़े न आने दे, अन्यथा बनता हुआ काम बिगड़ सकता है। अपनी योजनाओं और गतिविधियों के बारे में किसी से चर्चा न करें। इस माह आप शिव मंगलकारी पौरूषता प्रदाता वीर वैताल दीक्षा सम्पन्न कर अपनी योजनाओं को सफल बना सकते है।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

14 से 20 नवम्बर तक-भावनाओं पर काबू रखे। आप अपने वर्तमान को सुरक्षित पायेंगे। समय की चाल धीमी व खराब है। आपको विवाद, मुकदमें आदि का भी सामना करना पड़ सकता है। इसके चलते प्रियजनों या पत्नी से संबंध बिगड़ सकते है। आपको काफी दिक्कतों व परेशानी का सामना करना पड़ेगा। आप स्वयं पर नियंत्रण बनाये रखे।

21 से 30 नवम्बर तक-तेज रफ्तार से आपका कार्य होगा। मेहनत के अनुरूप फल की प्राप्ति होगी। आप अपने काम व व्यवसाय को प्राथमिकता देंगे, साथ ही घरेलू मोर्चे पर भी आप डटे रहेंगे, सामान्य जज्बे से भरपूर रहेंगे, किन्तु काम विशेष हो नहीं पायेगा, फिर भी आपमें आत्म संतुष्टि का भाव रहेगा। आप किसी के बहकावें में न आये इससे आप स्वयं अपनी ही हानि कर बैठेंगे।

शुभ तिथियां 02,11,24,29



## सिंह

01 से 06 नवम्बर तक-शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रति दिन की जरूरतों का सामान जुटायेंगे। व्यापार में अपने व्यावसायिक प्रतिद्वन्द्वियों व प्रतिस्पर्द्धियों से आप आगे निकल जायेंगे। आप इस समय अपने सिद्धांतों पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे।

07 से 13 नवम्बर तक-क्रोध व वाणी को संतुलित रखें। प्रेम-प्रसंगो में सफलता मिलेगी। प्रेमी-प्रेमिका से मेल-मुलाकात संभव है। राजकीय कार्य आसानी व सहजता से सम्पन्न हो जायेंगे। मन में बुरे-बुरे विचार आयेंगे। लोग आपको किसी के विरूद्ध भड़कायेंगे,परन्तु आप अपनी बुद्धि व विवेक का इस्तेमाल करेंगे। सर्वकार्य सिद्धि आनंद भैरवी दीक्षा आपके लिये हितकर होगी।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

14 से 20 नवम्बर तक-आपकी राशि में स्थिति लाभकारी रहेगी। बुद्धि, विवेक, ज्ञान का सदुपयोग कर आप अपने लाभ में वृद्धि कर ही लेंगे। कहीं से फंसा हुआ या रूका हुआ पैसा प्राप्त होगा। कोई पुरानी गलती व समस्या इस समय आपके सामने आकर खड़ी होगी। आपके गृहस्थ जीवन में किसी कारण अनबन रहेगी। आप एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करें जिससे गृहस्थ जीवन में सुख शांति बनी रहेगी।

21 से 30 नवम्बर तक-आप काम को पूरी कर्मठता व ईमानदारी से अंजाम देंगे। लेन-देन में पूरी सावधानी रखें। किसी को उधार नहीं दे, आर्थिक परेशानी व असमंजस बना रहेगा। सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होने के आसार नजर आ रहे है। कीमती उपहारों की प्राप्ति होगी। परिवार व घर में सुख शांति का वातावरण रहेगा। संतान के विवाह के लिये चिंतित रहेंगे।

शुभ तिथियां 07,12,24,28



## कन्या

01 से 06 नवम्बर तक-किसी घनिष्ठ व्यक्ति को याद कर आपकी आँखे भर आयेगी। घर-परिवार इस समय आपकी प्रथम प्राथमिकता पर होंगे। भाई-बहनों के सम्बन्धों में प्रेम की घनिष्टता होगी। माता-पिता व घर के बड़े बुजुर्गो का स्नेह व आशीष प्राप्त होगा।

07 से 13 नवम्बर तक-आप व्यापार व कारोबार में कुछ ठोस व महत्त्वपूर्ण निर्णय लेंगे। किसी रिश्तेदार के आने से आपकी दिनचर्या के काम अस्त-व्यस्त हो जायेंगे। स्वास्थ्य में उचित सुधार के योग बन रहे है। कोई अवसर आपके हाथों से निकल सकता है। चौसठ कला युक्त योगेश्वर दीक्षा ग्रहण करे। जिससे आपके जीवन में आ रही प्रतिकुल परिस्थितियां समाप्त होगी व मनोनुकूल लाभ प्राप्त होगा।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

14 से 20 नवम्बर तक-मान-सम्मान, यश, प्रतिष्ठा का ग्राफ नई ऊँचाईयां छुयेगा। काम-काज में तथा कार्यशैली में बदलाव आयेगा। आर्थिक रूप से आप कमजोर रहेंगे। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, असफलता व निराशा ही हाथ लगेगी। आप अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें अन्यथा आप किसी मुसीबत में फंस सकते है।

21 से 30 नवम्बर तक-इस सप्ताह लम्बे समय से चली आ रही चिंता का अंत होगा। मानसिक शांति मिलेगी। आप जिस काम को करने की एक बार मन में ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। कामकाज में व्यस्तता रहेगी, उस व्यस्तता से आपको धन भी प्राप्त होगा। नई-नई वस्तुओं की खरीददारी भी संभव है। क्रोध व आवेश से बना-बनाया काम बिगड़ सकता है।

शुभ तिथियां 01,20,25,29

## तुला



01 से 06 नवम्बर तक-सप्ताह में अनावश्यक भाग-दौड़ रहेगी। कार्यों में विलम्ब होगा। परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। अपने कार्यालय व घर को सुव्यवस्थित करने में समय व खर्च दोनों करेंगे। युवा वर्ग अपने कार्यों को गतिशील बनाने के लिये प्रयासरत रहेंगे, विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी।

07 से 13 नवम्बर तक-जीवन में खुशियां प्राप्त होगी। आप हंसी-खुशीके माहौल व उच्च मान्यताओं के साथ जीवन बितायेंगे। खर्च बहुत बढ़ जायेंगे आपकी और आपके प्रियजनों की स्वास्थ्यगत दिक्कतें भी बढ़ जायेंगी। आप चुनौतियों का सामना साहस पूर्वक करेंगे। श्रीराम जानकी अखण्ड पुरूषोत्तम शक्ति दीक्षा आपके लिये हितकर होगी।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1500/-

14 से 20 नवम्बर तक-अपने परिवार, प्रियजनों व स्वयं के लिये अच्छी जीवन शैली प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। कष्ट की प्राप्ति होगी। आप किसी को उसकी कमी का एहसास करायेंगे, कहीं से अशुभ समाचारों की प्राप्ति हो सकती है। विरोधाभास के बावजूद आप आगे बढ़ते रहेंगे। घर-परिवार व रिश्तेदारी में संबंधों में कटुता दूर होगी।

21 से 30 नवम्बर तक-मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आपको व्यवसाय में हानि का योग है। पुराने व नये मित्रों से धोखा मिल सकता है। अचानक कष्ट की प्राप्ति होगी। आप किसी नये व्यवसाय में पूंजी निवेश कर सकते है जो कि लाभकारी साबित रहेगी। आप किसी विवाद में फंस सकते है, कोई आपको ब्लैक-मेल कर सकता है, सावधान रहें।

शुभ तिथियां 01,12,16,25

## वृश्चिक



01 से 06 नवम्बर तक-यह समय मिश्रित फलों को देने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करेंगे। उच्च अधिकारी पर आपका दबदबा रहेगा, जिससे आपके समस्त राजकीय कार्य निर्विघ्न सम्पन्न होंगे। आप अपने बुजुर्गों की कृपा व आशीर्वाद से लाभ व उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे।

07 से 13 नवम्बर तक-मन उदास रहेगा। पारिवारिक मोर्चे पर भी आपको ऐसा लगेगा, जैसे स्थितियां आपके हाथ से निकलती जा रही है। लक्ष्य प्राप्ति में कुछ बाधा व रूकावट आयेगी। आप अपने आपको तनावग्रस्त महसूस करेंगे। लक्ष्य पर विजय प्राप्ति के लिये भौतिक पूर्णता प्रदायिनी नील पिशाचिनी दीक्षा प्राप्त करें बाधाओं की समाप्ति होगी।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

14 से 20 नवम्बर तक-आपको आगे बढ़ने के व उन्नति के अवसर तो प्राप्त होंगे, परंतु आप उनका लाभ नहीं उठा पायेंगे। आपको चोट भी लग सकती है। ज्ञानवर्द्धन का समय है। आप कुछ नया सीखने की चाह रखेंगे। व्यापार संबंधी समस्या सुलझ जायेगी। अदालती व कानूनी मसलों पर विशेषज्ञ की सलाह लेंगे।

21 से 30 नवम्बर तक-मांगलिक कार्यों में शिरकत करेंगे। आसपास का माहौल भी आपके प्रतिकूल ही रहेगा। रोजगार या कैरियर संबंधी समस्या हल हो जायेगी। आप स्वयं को प्रतिकूल परिस्थितियों के अनुरूप ढाल लेंगे व समय का सदुपयोग करेंगे। रेस्टोरेंट, होटल आदि में खाने का मजा लेंगे। आप हर कार्य में जीत हासिल करेंगे।

शुभ तिथियां 03,07,26,30

## धनु



01 से 06 नवम्बर तक-आप खुले हाथों से खर्च करेंगे। मेहमानों की आवाजाही से आप परेशान होंगे। दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। आप अपने गुस्से को काबू में नहीं रख पायेंगे। भाईयों या बहनों में मतभेद बढ़ेंगे। जिस कार्य में हाथ डालेंगे, नुकसान की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग है।

07 से 13 नवम्बर तक-किसी चीज के प्राप्त होने से आपको बहुत हर्ष, उल्लास होगा। प्रेम, रोमांस, मौज-मस्ती में लगे रहेंगे। मन में शांति का अनुभव करेंगे। वैवाहिक सम्बन्धों में जो विरोध और गलतफहमी थी वह किसी की मध्यस्थता से दूर हो जायेगी। आप श्रीराम जानकी अखण्ड पुरूषोत्तम शक्ति दीक्षा सम्पन्न करने पर घर गृहस्थी के प्रति चिन्ता मुक्त रहेंगे तथा गृहस्थ सुख प्राप्त होगा।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1500/-

14 से 20 नवम्बर तक-आप अपने भावी लक्ष्यों की ओर अग्रसर होंगे। घर और वित्त पर अधिक ध्यान केन्द्रित करेंगे। रिश्तेदारों के साथ अच्छे संबंध स्थापित होंगे। आपमें अधिक से अधिक सहयोग की भावना रहेगी। बड़े दृष्टिकोण में अपने कार्य पर अधिक ध्यान देंगे।

21 से 30 नवम्बर तक-समय लाभप्रद आयेगा। आप कोई भी कार्य करें उसे मन और तन से करें जिससे उसमें कामयाबी मिलेगी। अपने आत्मविश्वास और क्षमता के कारण आप अपने प्रतियोगी को पीछे छोड़ने में सफल रहेंगे। दूसरों की नजर में आपकी छवि सुधरेगी। प्रेम में सफलता मिल सकती है। आप अपने अविवाहित बच्चों के लिये सगाई संबंध के लिये प्रयासरत रह सकते है।

शुभ तिथियां 02,07,11,13

PMYV



## मकर

01 से 06 नवम्बर तक-आप जो भी करेंगे, उसका कोई खास अन्दाज रहेगा। समयगति व सितारे आपके पक्ष में रहेंगे। बच्चों की छोटी-मोटी जरूरतों का आप ध्यान रखेंगे। किसी सहकर्मी की भी आप काम में सहायता करेंगे। आपके भाग्योन्नि की राह कुछ आसान होगी। काम काज के दृष्टिकोण से पदोन्नति या महत्वपूर्ण पद्भार या कार्यभार आपको सौपा जा सकता है

07 से 13 नवम्बर तक-व्यर्थ की चिंतायें सतायेंगी। आप इस समय कोई बड़े धर्म संकट में फंस सकते है। प्रयासों के अनुपात में प्रतिफल नहीं मिलने से मन में तड़प रहेगी। आप अंदर ही अंदर बहुत दुःखी रहेंगे। शत्रु व षड़यंत्रों से बचने के लिये सावधानी आवश्यक है। समस्याओं के समाधान हेतु सर्वकार्य सिद्धि आनंद भैरवी दीक्षा प्राप्त करें। जिससे प्रतिकूल परिस्थितियां आपके अनुकूल होगी।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

14 से 20 नवम्बर तक-समय अधिक ठीक नहीं है। बच्चो को ज्यादा ढ़ील न दे, उन्हें अकेला घूमने के लिये न छोड़, इससे उनका चरित्र कमजोर पड़ सकता है। आपका कोई गलत फायदा उठायेगा, अतः बेवकूफ मत बनिये और अपनी महत्ता को समझिये। आपको सफलता मिलेगी। आप अनुशासित रहेंगे। आप रमणीय स्थल पर सैर-सपाटा मनायेंगे।

21 से 30 नवम्बर तक-समय सुखद रहेगा। आपमें शिष्टता का गुण विद्यमान रहेगा। आपका समय उत्तम रहेगा, आप अच्छे मित्र हो सकते है, आपको किसी के ज्यादा निकट रहना पसन्द नहीं आयेगा। घर के बुजुर्ग का स्वास्थ्य अचानक खराब हो सकता है। हृदय रोग, मधुमेह, रक्तचाप जैसी बीमारियां हो सकती है।

शुभ तिथियां 01,04,06,24



## कुंभ

01 से 06 नवम्बर तक-लम्बे समय से चली आ रही चिंता समाप्त होगी। शनि लाभ भवन में चलायमान है, अतः आर्थिक लाभ का मार्ग पुष्ट करेंगे। कार्यो में आंशिक रूप से सफलता आपको मिल ही जायेगी। आय बढ़ाने की इच्छा से आप दुगुना काम करेंगे।

07 से 13 नवम्बर तक-किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। नये - नये विषयों पर अध्ययन व शोध करेंगे प्रेमी-प्रेमिका में तनावपूर्ण संबंधों की स्थिति रहेगी। सामाजिक महत्त्व के कार्यो में आप व्यस्त रहेंगे। बुजुर्गो का सहयोग व उचित मार्गदर्शन आपको विपरीत हालात से निकलने में मदद करेगा।

14 से 20 नवम्बर तक-दूसरों के झगड़ों में अपनी टांग न अड़ाये। भागीदार व पार्टनर की गतिविधि व कार्यकलाप पर पूरी नजर रखें। धार्मिक कार्यकलाप में आप व्यस्त रह सकते है। आत्मविश्लेषण व आत्ममंथन करेंगे। लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये आप किसी भी हद तक जा सकते है। वाद-विवाद में विजय हासिल करेंगे।

21 से 30 नवम्बर तक-आर्थिक विषमतायें जरूर आपको घेरे रहेंगी। किसी घनिष्ठ व्यक्ति से किसी मामूली सी बात पर कहासुनी व अनबन हो सकती है, तनाव से राहत महसूस करेंगे। आपकी मेहनत की कद्र होगी। सगे सम्बन्धियों से सम्पर्क करेंगे और संतान की विवाह संबंधी बातचीत आगे बढ़ायेंगे। आप प्रतिकूल स्थितियों को अनुकूल बनाने के लिये शिव मंगलकारी पौरूषता प्रदाता वीर वैताल दीक्षा ग्रहण करें जिससे आपको लाभ प्राप्त होगा।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

शुभ तिथियां 02,06,09,31



## मीन

01 से 06 नवम्बर तक-कड़ी मेहनत के बावजूद भी आपको कोई सफलता नहीं मिलेगी। आप किसी राजकीय परेशानी से घिर सकते है। शत्रु व विरोधी आपके विरूद्ध षड़यंत्र रचेंगे। आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी की आवश्यकता है।

07 से 13 नवम्बर तक-स्थितियां विपरीत बन सकती है। इस समय आपकी परेशानियां व दिक्कते बढ़ जायेगी। पति-पत्नी में आपसी तकरार हो सकती है या अपने जीवनसाथी का स्वास्थ्य आपकी परेशानी बढ़ा देगा। किसी गलतफहमी के चलते आप मन ही मन व्यथित होंगे।

14 से 20 नवम्बर तक-आप अपनी रूचि के अनुसार निजी हितों से संबंधित कामों, शोध तथा अध्ययन जैसे कार्य कर सकते है। आपको ऐसे व्यक्ति की मदद मिलेगी, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। आप आराम करना चाहेंगे लेकिन कर नहीं पायेंगे। खर्चा भी बहुत अधिक होगा आप भौतिक पूर्णता प्रदायिनी नील पिशाचिनी दीक्षा ग्रहण करे जिससे आपकी प्रतिकूल परिस्थितियां आपके अनुकूल होगी।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

21 से 30 नवम्बर तक-किसी कानूनी मसले पर विशेषज्ञ की सलाह दे सकते है। आपकी उम्मीदें पूरी हो जायेगी। किसी घनिष्ठ रिश्तेदार से मुलाकात होगी। व्यापार में कोई बड़ा सौदा या आर्डर हाथ में ले सकते है। मीडिया, कला, विज्ञान, साहित्य या संगीत जैसी चीजें आकर्षित करेंगी। नई परियोजना पर काम फिर से चालू होगा। संघर्षशील समय रहेगा प्रत्येक कार्य सोच समझ कर तथा सलाह लेकर ही करें आपके विरूद्ध अफवाहें भी फैलेगी।

शुभ तिथियां 04,08,10,29